Live Hindustan

This month will begin hiring engineers in the power department

बिजली विभाग में इसी महीने इंजीनियरों के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। कॉरपोरेशन प्रबंधन ने इसके लिए तैयारी कर ली है। अवर अभियंता के 500 से ज्यादा पदों पर भर्ती का विज्ञापन इसी महीने के आखिरी सप्ताह में जारी करने की योजना है।

पावर कारपोरेशन प्रबंधन दो चरणों में भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर रहा है। बिजली इंजीनियरों के कुल 1480 नए पदों की सरकार से स्वीकृति मिलने के साथ कारपोरेशन की योजना पहले चरण में अवर अभियंता के 500 पदों के लिए विज्ञापन जारी करने की है। बाकी के पदों पर विज्ञापन अगले महीने जारी किए जा सकते हैं। सहायक अभियंता के 200 से ज्यादा और अधिशासी अभियंता के 100 से अधिक पदों पर भर्ती का विज्ञापन भी इसी महीने जारी हो सकता है। कॉरपोरेशन प्रबंधन की योजना नवंबर के आखिरी सप्ताह तक भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने की है। पचास फीसदी से ज्यादा पद सीधी भर्ती से भरे जाने के बाद बाकी पदों को प्रमोशन से भरा जाएगा। कॉरपोरेशन के एमडी एपी मिश्रा ने कार्मिक विभाग को प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इंजीनियरों की भर्ती को लेकर कॉरपोरेशन की तत्परता के पीछे चुनाव आचार संहिता को बड़ा कारण माना जा रहा है। राज्य सरकार की हरी झंडी मिलने के बाद कॉरपोरेशन प्रबंधन बिना किसी पेंच में फंसे नए पदों पर नियुक्त के आदेश जारी कर देना चाहता है। गौरतलब है कि चार दिन पहले ही राज्य सरकार ने बिजली इंजीनियरों के 1480 नए पद स्वीकृत किए हैं।